



# बाइक रैली में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के उद्घोष गूंजे



**नवभारत न्यूज**
**बड़वाह।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को भाजपा नगर मण्डल व युवा मोर्चा के नेतृत्व में शहर में भव्य तिरंगा रैली निकली।करीब पांच किमी की बाइक रैली में भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष गूंजे। कवर कालोनी मन्दिर परिसर से निकली तिरंगा यात्रा में सैकड़ों युवा एवं महिला-पुरुष बाइक पर तिरंगा लहराते हुए रैली ने पूरे शहर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने तिरंगा लहराते हुए खरगोन जिले की बड़वाह विधानसभा में अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर विधायक सचिन बिरला,जिलाध्यक्ष नंदा ब्रह्मणे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अंकुश जायसवाल,जिला महामंत्री विवेक भटोरे,जिला महामंत्री हरेसिंह चावड़ा,जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र सुराणा,नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता,नगर मण्डल अध्यक्ष अंकित गुप्ता,विधानसभा प्रभारी दिलीप पटेल, शहर प्रभारी महेंद्र अमई, युवा मोर्चा अध्यक्ष यश चौरसिया, महिला मोर्चा महामंत्री बबिता सोनी सहित बड़ी सख्या में शहरवासी अपनी बाइक पर तिरंगा लहराते चल रहे थे।

कवर कालोनी से शुरू हुई तिरंगा यात्रा नर्मदा रोड,जय स्तम्भ चौराहा, इंदौर रोड,जाट मोहल्ला, एमजी रोड होते हुए बस स्टेशन बाबा आंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर समापन हुआ। यहा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा,विधायक सचिन बिरला सहित पदाधिकारियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्याप्रण किया। जिलाध्यक्ष नन्द ब्रह्मणे व नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि भारत के प्रत्येक नागरिक के हृदय में देश के प्रति गर्व,एकता और समर्पण की भावना का उत्सव है। कहा कि तिरंगा हमारी आन-बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम की भावना मजबूत होती है। तिरंगा यात्रा ने पूरे नगर में देशभक्ति का माहौल बना दिया। इस दौरान पूर्व विधायक हितेंद्र सिंह सोलंकी,पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष गणेश पटेल,तिरंगा यात्रा के विधानसभा सह प्रभारी रवि एरन,शहर सह प्रभारी निर्मल दांगी,महीम ठाकुर,सुरेन्द्र पंडया, भाजपा कार्यकर्ता मोजूद थे।

### कांग्रेस ने तो तिरंगा फहराने का अधिकार भी छीन लिया था

यात्रा में विशेष अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि पहले तो कांग्रेस ने देश के नागरिको से तिरंगा फहराने का अधिकारी भी छिन लिया था। घरों पर तिरंगा नहीं फहरा सकते थे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने ध्वज संहिता में बदलाव करके देश के हर नागरिक को अपने घर पर शान से तिरंगा फहराने का अधिकार और स्वतंत्रता दिलाई है। अब देशवासियों में देशभक्ति की भावना जगाने और एकजुट करने के लिए इसे एक जनजागरण का रूप दिया है।इसी तरह युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अंकुश जायसवाल ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्टीय ध्वज फहराने और युवाओं को हर घर, दुकान और संस्थान पर तिरंगा फहराने का संदेश दिया गया।

# नर्मदे हर ग्रुप ने किया कमल गौड़ को सम्मानित



**महेश्वर।** 7 अगस्त को महामहिम राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू द्वारा कबीर सम्मान हथकरघा में प्राप्त करने के बाद नगर की प्रतिष्ठित और सामाजिक संस्था नर्मदे हर ग्रुप ने नगर के सम्मानित व कबीर सम्मान प्राप्त हथकरघा बुनकर कमल गौड़ को स्मृति चिन्ह पुष्प माला और भगवा दुपट्टा पहनते हुए सम्मानित किया संस्था के प्रमुख प्रमोद गुरु ने जानकारी देते हुए बताया कि संपूर्ण नगर के लिए यह गौरव की बात है कि कमल गोर ने राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू द्वारा हथकरघा और बुनाई के क्षेत्र में शानदार कार्य करते हुए सम्मान प्राप्त किया इस अवसर पर नर्मदे हर ग्रुप के वल्लभ सराफ, डॉ. एम.एल. पाटीदार, पत्रकार श्याम सोनी , कृष्णकांत गुजराती, विवेक कंठाली, दिलीप पाटीदार के साथ अन्य कई सदस्य गण उपस्थित थे।

## एक नजर में

### दीक्षा के लिए आचार्यश्री को चढ़ाया श्रीफल



**सनावद।** त्याग और संयम के पथ पर अग्रसर नगर की वयोवृद्ध प्रतिमाधारी मनोरमा जैन (मनु बहन) अब जैनेश्वरी दीक्षा की ओर अग्रसर हो रही हैं।सन्मति जैन काका ने बताया कि 81 वर्षीय श्रीमती मनोरमा बाई जैन ने सीकर, राजस्थान में विराजमान नगर गौरव वात्सल्य वारिधि आचार्य रत्न आचार्य श्री 108 वर्धमान सागर जी महाराज को जैनेश्वरी दीक्षा हेतु श्रीफल समर्पित कर निवेदन किया। सहज भाव से आचार्य श्री ने मनोरमा बाई के निवेदन को स्वीकार कर जैनेश्वरी दीक्षा देने की स्वीकृति प्रदान की। आचार्य श्री के सान्निध्य में मुकुट सप्तमी के अवसर पर आगामी 19 अगस्त को सीकर, राजस्थान में मनोरमा जैन सहित 7 जैनेश्वरी दीक्षाएँ प्रदान की जाएंगी। ज्ञातव्य है कि आचार्य श्री 108 वर्धमान सागर जी महाराज सनावद नगर के ही हैं। आज जैन धर्म में उच्च पद पर विराजमान होकर वे धर्म प्रभावना कर रहे हैं। उनसे प्रेरित होकर अब तक नगर से लगभग 18 तपस्वियों ने मोक्ष मार्ग प्रशस्त किया है, जो सनावद नगर के लिए अत्यंत गौरव की बात है। इस पुण्य अवसर पर समस्त समाजजनों ने मनोरमा बाई जैन के पुण्य कार्य की अनुमोदना करते हुए बधाई एवं मंगलकामनाएं प्रेषित की हैं।

### महिला मंडल ने निकाली कावड़ यात्रा



**बिस्टान ।** रविवार को नगर में संगीता राजेश मंडलोई के नेतृत्व में महिला मंडल द्वारा प्रति वर्ष अनुसार सावन माह के पवित्र महीने में स्थानीय गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से डेरेश्वर मंदिर तक पैदल कावड़ यात्रा निकाली गई । श्रद्धावश इनमें बच्चे भी कांवड़ कंधों पर धरकर नंगे पैर चलते दिखे । इनके साथ-साथ यात्रा में बच्चे, महिलाएं, बड़ी संख्या में शामिल हुए । रास्ते में जगह-जगह फूलों और स्वल्पाहार से स्वागत किया गया । डेरेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान महादेव का जलाअभिषेक किया गया । तत्पश्चात प्रसाद वितरित किया गया ।

### वार्ड 11 में लगेंगे शानदार सीमेंटेड पैवर ब्लॉक

**महेश्वर।** सोमवार को नगर परिषद महेश्वर के वार्ड क्र.11 के मार्ग पर पेवर लगाने के कार्य का भूमि पूजन किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव, उपाध्यक्ष सचिन शर्मा, पार्षद विक्रम यादव, गजु मकवाना, पार्षद शैलेंद्र जैन पार्षद शेरु अंसारी अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव ने पंडित छोटू चौर के मार्गदर्शन में भूमि पूजन करते हुए तेवर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया अध्यक्ष प्रतिनिधि यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि महेश्वर के प्रत्येक वार्ड में विकास के कार्य लगातार हो रहे हैं जो नगर परिषद महेश्वर के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण है विकास का यह सिलसिला लगातार आगे भी जारी रहेगा। उपाध्यक्ष सचिन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड नंबर 11 की जो पुरानी समस्याएं थी उनका भी हमारी परिषद ने प्रमुखता से निराकरण करने के साथ ही गलियों को गंदगी और कीचड़ से मुक्त करने का कार्य किया । इस अवसर पर पार्षद स्वप्निल गुप्ता, शेरु अंसारी, गजानन मकवाना सहित नगर परिषद के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# अंडर-19 बालक वॉलीबॉल टीम ने जीता कांस्य




**मंडलेश्वर।** सांदीपनी एकेडमी, मंडलेश्वर की अंडर-19 बालक वॉलीबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया। यह उपलब्धि सीबीएसई क्लस्टर वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2026 में हासिल की गई। प्रतियोगिता का आयोजन मास्टर माइंड स्कूल, सारंगपुर, जिला राजगढ़ (मध्य प्रदेश) में किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सांदीपनी एकेडमी की टीम ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। टीम की इस सफलता पर विद्यालय के चेयरमेन राजेश्वर पाटीदार, सारिका पाटीदार,प्राचार्य डॉ. कमलेश सी. जोशी, मैनेजर गोपाल पाटीदार, उप-प्राचार्य संजय वर्मा आदि ने बधाई दी।

# जांच दल ने की दो प्राइवेट क्लीनिकों पर कार्रवाई

**गोगावां।** 10 अगस्त को गोगावां में मोहम्मदपुर रोड चाइना गली में प्राइवेट डॉक्टर अमन कृष्णा के क्लीनिक पर निरीक्षण किया गया ब्लॉक स्तरीय गठित टीम में नायब तहसीलदार योगेश खेड़े, स्वास्थ्य विभाग से बीएमओ अहमद खान पटवारी धर्मेंद्र सोलंकी एवं पुलिस विभाग की निगरानी में कार्रवाई की गई ।

कार्रवाई में संबंधित डॉक्टर से क्लीनिक पर इलाज करने संबंधित दस्तावेज मांगे गए जिसमें उनके पास बी ई एमएस की डिग्री पाई गई एवं क्लीनिक पर एलोपैथिक इंजेक्शन आय वीं बॉटल, आय वीं सेट, एलोपैथिक गोलियां एवं इंस्ट्रूमेंट पाए गए संबंधित डॉक्टर अपनी डिग्री पद्धति के अलावा एलोपैथिक डिग्री से इलाज करता हुआ पाया गया, एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा क्लिनिक संचालन हेतु अनुमति भी नहीं ली गई थी जांच उपरांत टीम द्वारा क्लीनिक पर कार्रवाई करते हुए मौके पर पंचनामा बनाकर दवाइयां जप्त कर क्लिनिक को सील किया गया। इसी प्रकार महम्मदपुर रोड पर जनता मेडिकल स्टोर के अंदर चल रहे लाइफ केयर क्लिनिक भी संचालित होते पाया गया जिसकी भी शिकायत प्राप्त हुई थी निरीक्षक दल के दौरान टीम को शिकायत के अनुसार तथ्य सही पाए गए, एवं क्लिनिक संचालन हेतु अनुमति भी नहीं ली गई है जिसे कारवाई कर सील कर दिया गया एवं आगे की कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ कार्यालय को अवगत किया जा रहा है।

# डाक कावड़ यात्रा कल, हिस्सा लेंगे युवा

**नवभारत न्यूज**
**महेश्वर।** नगर के 100 से अधिक युवा 12 अगस्त को महेश्वर से त्रंबकेश्वर डाक कावड़ यात्रा लेकर धूमधाम से निकलेंगे। डाक कावड़ यात्रा संघ के सदस्यों ने महेश्वर के विभिन्न जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और धार्मिक संगठनों के प्रमुखों के साथ क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव को कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मां नर्मदा तथा भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने के लिए आमंत्रित किया।

महेश्वर से पहली बार लंबी डाक कावड़ यात्रा युवाओं के माध्यम से त्रयंबकेश्वर जा रही है। जिसको लेकर युवाओं के साथ और नगरवासियो में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है। कावड़ यात्रा संघ के मोहित यादव व राज यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि महेश्वर से निकलने वाली यह पहली डाक कावड़ यात्रा है जो त्रंबकेश्वर पहुंचने तक पूरे समय 24 घंटे निरंतर रहेगी इस दौरान अलग-अलग शिवभक्त कावड़ जल लेकर दौड़ लगाते रहेंगे यह लंबी यात्रा है, यात्रा के दौरान त्रंबकेश्वर महादेव में महादेव को जल चढ़ाते हुए महेश्वर तथा महेश्वर क्षेत्र के लिए शुभ समृद्धि की कामना कि जाएगी ।

डाक कावड़ यात्रा संघ के समस्त कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी ने महेश्वर क्षेत्र के साथ धर्म क्षेत्र से जुड़े अन्य विभिन्न सनातनी जनों से 12 अगस्त सूबह 9.00 नर्मदा तट पर पूजन कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया।

# विश्व आदिवासी दिवस पर भीकनगांव में दिखा आदिवासी संस्कृति का रंग

- 8 डीजे के साथ निकली भव्य रैली
- तीर-कमान, पारंपरिक वेशभूषा में थिरके युवा



**भीकनगांव।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार को भीकनगांव क्षेत्र में आदिवासी समाज की एकता, संस्कृति और परंपराओं की भव्य झलक देखने को मिली। क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आदिवासी समाज के पुरुष, युवा, महिलाएं एवं बालिकाएं बड़ी संख्या में एकत्रित होकर डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए मंडी परिसर पहुंचे।

मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने समाज की एकता, संस्कृति, परंपराओं और युवाओं की भूमिका को लेकर संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान समाजजनों के लिए खिचड़ी प्रसादी का वितरण भी किया गया। इसके बाद मंडी परिसर से 8 डीजे के साथ विशाल आदिवासी रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में युवा, पुरुष, महिलाएं और बालिकाएं आदिवासी गीतों की धुन पर उत्साहपूर्वक थिरकते नजर आए। पारंपरिक वेशभूषा में सजे समाजजन हाथों में तीर-कमान लेकर रैली में शामिल हुए, जिससे नगर के मुख्य मार्गों पर आदिवासी संस्कृति और परंपरा की अनूठी छटा देखने को मिली। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। जगह-जगह लोगों ने रैली का स्वागत किया।

ढोल-डीजे की धुन और आदिवासी गीतों पर नृत्य करते समाजजनों के कारण पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल नजर आया। विश्व आदिवासी दिवस के आयोजन में आदिवासी समाज की एकता, सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक पहचान और सामाजिक सहभागिता को मजबूती से प्रदर्शित किया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष सरदार रावत सहित पुलिस प्रशासन व बड़ी संख्या में समाजजनों की उपस्थिति ने भव्य रूप प्रदान किया।

# आठवें गुरु श्री गुरु हरकिशन साहेबजी के प्रकाश पर्व पर आयोजन



**बडवाह।** सिक्खों के आठवें गुरु श्री गुरु हरकिशन साहेब जी सबसे कम उम्र के गुरु थे ,वे केवल 5 साल की उम्र में गुरु गद्दी पर बैठे थे। कम उम्र में भी उन्होंने लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान दिया और निस्वार्थ सेवा का संदेश दिया, उक्त विचार समिति के अध्यक्ष सरदार सुरेंदर सिंह ने आयोजन में रखे।

सचिव सरदार परविंदर सिंह एवम् सरदार गुलबीर सिंह ने बताया कि दिल्ली में चेचक और हैजा जैसी बीमारी के दौरान गुरु जी ने पीड़ित लोगों की दिन-रात सेवा की कोषाध्यक्ष सरदार हरविंदर सिंह एवं सरदार सतविंदर सिंह भाटिया ने बताया कि गुरु जी को बाला प्रीतम के नाम से याद किया जाता हैं,प्रकाश पर्व के मौके पर सर्वप्रथम भाई बुध सिंह एवं अवतार सिंह के जत्थे ने संगत के साथ आसा दी वार के कीर्तन किए, पश्चात सहज पाठ की संपूर्णता हुई। इस दौरान सरदार गुरभेज सिंह, सरदार जितेंदर सिंह, सरदार इकबाल सिंह, सरदार राजेंदर सिंह, सरदार गुरूबख्श सिंह, सरदार रविंदर सिंह, सरदार कमलदीप सिंह, सरदार सुरजीत सिंह आदि समाजजन उपस्थित हुए, अंत में संगत के लिए लंगर की सेवा हुई।

# पांचवें वर्ष भी निकली श्री राजराजेश्वर कावड़ यात्रा

- बोल बम के जयकारों से गूंजा नगर

**कसरावद।** श्रावण माह के पावन अवसर पर नगर के प्राचीन श्री मारुति नंदन हनुमान मंदिर से लगातार पांचवें वर्ष श्री राजराजेश्वर कावड़ यात्रा निकाली गई। वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 के श्रद्धालुओं द्वारा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं मंगलकामना को लेकर निकाली गई कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे यात्रा मार्ग में भगवान भोलेनाथ के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

श्री मारुति नंदन हनुमान मंदिर समिति के सावन वर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष श्रावण माह में आयोजित होने वाली कावड़ यात्रा इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ नर्मदा तट स्थित श्री शालीवाहन शिव मंदिर से किया गया। श्रद्धालुओं ने नर्मदा जल कावड़ में लेकर भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए यात्रा प्रारंभ की। कावड़ यात्रा में श्रद्धालु पूरे मार्ग में बोल बम, हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए नगर की ओर आगे बढ़े। नगर में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

# नन्हें कांवड़ियों सहित नगर की समितियों ने निकाली कांवड़ यात्रा



**भीकनगांव।** नगर में शिवभक्ति का अनोखा नजारा देखने को मिला। 5 से 10 वर्ष की उम्र के नन्हे बालक-बालिकाओं ने विठ्ठल मंदिर से खेड़ापति सरकार पशुपतिनाथ धाम मंदिर तक कांवड़ यात्रा निकाली। नन्हे कांवड़ियों में भगवान शिव के प्रति आस्था और उत्साह देखते ही बन रहा था। यात्रा के दौरान बच्चे पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए और वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं नगर की शीतला माता मंदिर समिति, नकुल कापसे समिति एवं महाकाल समिति के सदस्य भी कांवड़ यात्रा में शामिल हुए।

डीजे की भक्ति धुनों पर श्रद्धालु थिरकते हुए नजर आए। कांवड़ियों द्वारा ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा। इधर, भूतेश्वर महादेव कांवड़ यात्रा समिति द्वारा भी देशगांव देवझिरी से कांवड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं युवा श्रद्धालु शामिल हुए। डीजे और भक्ति गीतों के बीच कांवड़िए भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। यह कांवड़ यात्रा सोमवार को भीकनगांव पहुंचेगी, जहां भोला चौक स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर में कांवड़ियों द्वारा पवित्र जल अर्पित कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा। कांवड़ यात्राओं को लेकर नगर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना हुआ है। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा कांवड़ियों का स्वागत किया गया। पूरे मार्ग में 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष गूंजते रहे।

## एक नजर में

**4 वर्ष में परिषद ने किया नगर विकास अंतर्गत 13 करोड़ 13 लाख 13 हजार के नगर में विभिन्न निर्माण**

# नगर परिषद के सफलता के 4 वर्ष पूर्ण होने पर नगर को दी अनेकों सौगातें




**कसरावद।** नगर परिषद सफलता के 4 वर्ष पूर्ण होने पर विधायक प्रतिनिधी राजेन्द्रसिंह यादव ने नगर परिषद अध्यक्ष विमल यादव, उपाध्यक्ष रचना पप्पु सोनी एवं साथ ही पार्षदों को पुष्पमाला व मिठाई खिलाकर बधाईयां प्रेषित की गई। सफलतम 4 वर्ष में परिषद द्वारा नगर विकास अंतर्गत 13 करोड़ 13 लाख 13 हजार के नगर में विभिन्न निर्माण कार्य करवाए गए।

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नगर कों 4 डोर टू डोर कचरा वाहन उपलब्ध करवाए, 1 डी स्लजिंग मट पम्प, 1 महिन्द्रा ट्रेक्टर, 2 टेंकर जलप्रदाय हेतु विधायक निधी से 65 व्यवसायिक दुकानों का नामांतरण, 990 भवन भूमि/मकान नामांतरण, 347 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत लाभान्वित किया जाकर आवास निर्माणाधीन है, 150 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री संबल योजना अंतर्गत राशि रू. 3 करोड़ 20 लाख की अनुग्रह सहायता व 12 हितग्राहियों को राष्टीय परिवार सहायत अंतर्गत राशि रू. 2 लाख 40 हजार रू. एवं 275 हितग्राहियों को राष्टीय इंदिया गांधी पेंशन व सामाजिक सुरक्षा पेंषन योजना का हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। उक्त बधाई संदेश पार्षदगण श्रीमति कविता परमानंद खेडे, श्रीमति निर्मला प्रदिप सोलंकी, श्रीमति शकीला रहीष कुरैशी , श्रीमति सीता बाई देवा सिसौदिया डॉ. शिरीष जायसवाल, साहिन इम्तिाया पटेल, राधा बाई अमृत कुशवाह, रैनु सईद हैडली एवं निकाय कर्मचारी उपस्थित थे।